हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 अप्रैल 2024

तापमान

अधिकतम 37 .7डिग्री
न्यूनतम 20 .2 डिग्री

11 हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में श्रद्धालुओं ...



12 नाटक से महानगरी जीवन की त्रासदी दिखाई



## शहर में आज

- राजीव गांधी विद्युत भवन में उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनीं जाएंगी सुबह 11 से 1 बजे तक
- नगर निगम द्वारा वार्ड-3 की श्रीराम धर्मशाला और वार्ड-4 की जाट धर्मशाला में कैंप लगाए जाएंगे सुबह 10 बजे से
- नगर निगम की टीम विशेष सफाई अभियान चलाएगी 9.30 बजे से
- मदवि की यूथ रेड क्रॉस समिति द्वारा डीडीई कांफ्रेंस हॉल में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर
- गोहाना रोड पर शिव पंजाबी धर्मशाला में रक्तदान शिविर सुबह 8 से 1 बजे तक
- डिपो में रोडवजे कर्मियों का धरना जारी रहेगा

## खबर संक्षेप

### प्रो. शालिनी को निदेशक का कार्यभार सौंपा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. शालिनी सिंह को महिला अध्ययन केन्द्र की निदेशिका का कार्यभार सौंपा है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि प्रो. शालिनी सिंह को महिला अध्ययन केन्द्र की निदेशिका का दायित्त्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर आगामी आदेशों तक दिया गया है।

### ग्रुप डी यूनियन ने की सीएम से मुलाकात

**रोहतक।** ग्रुप डी यूनियन ने सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और प्रमोशन की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के प्रधान दीपक तंवर, महासचिव विकास यादव, वरिष्ठ उप प्रधान चन्द्रगुप्त, अशोक व राहुल मौजूद रहे। इसी कड़ी में यूनियन ने वरिष्ठ अधिकारी राजेश खुल्लर से भी मुलाकात की।

### माता दरवाजा स्थित पार्क में युवक का शव मिला

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित एक पार्क में मंगलवार को एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। जिसकी सूचना रहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान पता चला कि युवक नशे का आदि था और नशे के कारण ही उसकी मौत हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता लग पाएगा। मृतक की पहचान घिलौड़ निवासी करीब 35 वर्षीय नरेश के रूप में हुई है।



### मौसम के बदलते तेवरों से किसानों की सांसें अटकीं, मंडियों में खुले में पड़ा अनाज

# दूसरे दिन भी बूंदाबांदी, मंडी में 10 हजार क्विंटल गेहूं भीगा, प्रशासन नहीं करवा पा रहा लिफ्टिंग

- डीसी ने कुछ दिन पहले ही खरीद एजेंसियों को गेहूं उठान के लिए आदेश जारी किए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक जिले में मंगलवार को दूसरे दिन भी बरसात हुई। सबसे ज्यादा बूंदाबांदी लाखनमाजरा खंड में 10 एमएम दर्ज की गई। रोहतक में एक, महम और कलानौर में दो मिमी हुई। जबकि सांपला क्षेत्र में बारिश नहीं हुई। बेमौसमी बरसात से रोहतक की मंडी में करीब 10 हजार क्विंटल गेहूं भीगा। लगातार दो दिन से गेहूं भीगने की वजह ए है कि मंडी से गेहूं का उठान नहीं हो पा रहा है। ये हाल तो तब है, जब डीसी अजय कुमार ने कुछ दिन पहले ही खरीद एजेंसियों को गेहूं उठान के लिए आदेश जारी किए थे। मंडियों में गेहूं के उठान में देरी समस्या बनेगी। आने वाले दिनों में भी मौसम में बदलाव आने की संभावना है। अगर उठान में तेजी नहीं आई गई तो गेहूं ऐसे ही भीगेगा।

मंडी में बारिश से भीगा गेहूं



महम अनाज मंडी में जायजा लेते अधिकारी



### सांपला: गेहूं बारिश की भेंट चढ़ा



सांपला। अनाज मंडी में पड़ा लाखों क्विंटल गेहूं मंगलवार की दोपहर बाद आई बारिश की भेंट चढ़ गया। बार-बार बारिश में गेहूं भीग रहा है। इससे प्रशासन की लापरवाही साफ नजर आ रही है। बताया गया कि वेयरहाउस द्वारा खरीदी गई फसल का पूरा उठान नहीं हो रहा। खरीद एजेंसी के पास फसल को बारिश से बचने के लिए पूरे तिरपाल की व्यवस्था नहीं है। मार्केट कमेटी सचिव दीपक कुमार का कहना है कि लापरवाह एजेंटों को नोटिस जारी कर दिया है। मंडी में करीब चार लाख क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से करीब ढाई लाख किवंटल गेहूं की खरीद हुई है।

### अभी तक133837.49 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा

अभी तक 133837.49 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इसमें से कलानौर साइलो में 7187.04 मीट्रिक टन, किलोई में 10566.30 , लाखनमाजरा में 11094.70, मदीना में 6047.70 , महम मंडी में 20494.40 , रोहतक मंडी में 48707.40 , सांघी में 8906.15 तथा सांपला मंडी में 20833.80 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। 23494.95 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। इसमें से कलानौर मंडी में 7684.29 , महम मंडी में 9277.28 , रोहतक मंडी में 2282.70 तथा सांपला मंडी में 4250.68 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। ए डाटा प्रशासन द्वारा जारी किए गए नियमित बुलेटिन का है।

### फसल खरीद का जायजा

महम। सहायक आयुक्त (अंडर ट्रेनिंग) अभिनव सिवाच मंगलवार दोपहर को मंडी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यहां गेहूं व सरसों की फसल की खरीद का जायजा लिया। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान बादाम सिंह ने उन्हें बताया कि मंडी में सरसों की फसल का उठान नहीं हो रहा है। गेहूं की फसल का भी उठान साथ साथ तेज गति से किया जाए। क्योंकि पूरी मंडी गेहूं और सरसों से अटी पड़ी है। आढ़तियों और किसानों के सामने गेहूं रखने की समस्या पैदा हो गई है।



रोहतक। चिकित्सक और अन्य कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी करते हुए।

### पीजीआई में ओपीडी का समय नहीं बदलने से रोष

## काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी कर रहे हैं चिकित्सक व अन्य कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस की ओपीडी के समय में बदलाव को लेकर मंगलवार को भी चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी की। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर सभी कर्मचारी रोष प्रकट कर रहे हैं। इसी कड़ी में एमबीबीएस, बीडीएस, नर्सिंग, पैरामेडिकल के छात्र भी जुड़ चुके हैं। पिछले 21 दिनों से सरकार से ओपीडी के समय में बदलाव की मांग कर रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद अभी तक सरकार की तरफ से उन्हें कोई आश्वासन नहीं मिला है। सोमवार को ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने आरडीए और छात्रों के साथ स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा था। बता दें कि सभी कर्मचारी और डॉक्टर मांग कर रहे हैं कि ओपीडी का समय दोबारा 8 से 2 किया जाए, ताकि वह गर्मी में बार-बार आने जाने से बचाव हो सके। फिलहाल ओपीडी का समय सुबह 9 से 4 बजे तक है। चिकित्सक संगठन के सचिव डॉ. विवेक मलिक ने कहा कि वे पिछले करीब 20 दिनों से मरीजों के हित में ओपीडी का समय बदलने की मांग कर रहे हैं। उसके बावजूद भी सरकार उनकी मांग को अनसुना कर रही है। रवि सांगवान ने कहा कि हरियाणा के आसपास के अन्य मेडिकल कॉलेज में भी ओपीडी जब सुबह 8:00 बजे खुलता है तो हरियाणा के साथ किया है भेदभाव क्यों किया जा रहा है। नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट ने कहा कि वह कोई अपने लिए मांग नहीं कर रहे हैं अपितु वे मरीजों के हित में ओपीडी का समय बदलने की मांग कर रहे हैं

## एमडीयू के 21 छात्र एसोसिएट डेवलपर पद पर चयनित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) तथा प्रतिष्ठित कंपनी कोडनेस्ट के सहयोग से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 21 विद्यार्थियों का चयन एसोसिएट डेवलपर के पद पर हुआ है। सीसीपीसी निदेशक प्रो. दिव्या मल्हान ने कोडनेस्ट कंपनी के अधिकारियों का स्वागत किया। प्रो. दिव्या मल्हान ने बताया कि इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न चरणों के बाद जूही अग्रवाल, आकाश, रोहित, आकाश मुंडारा, साक्षी, विपिन कुमार, मंगल पांडे, पारुल अहलावत, रूपाली सूद, सौरभ सिंह, भूपेश निर्वाण, आलोक सिंह, अभिषेक कुमार, सिमरन अरोड़ा, लक्ष्य वैद, अमन, प्रेम कुमार, अखिल शर्मा, हीना जुनेजा, सनी सिंह तथा हर्ष गर्ग का चयन एसोसिएट डेवलपर के पद पर कंपनी अधिकारियों द्वारा किया गया। सीसीपीसी उप निदेशक डॉ. सौरभ कांत और डॉ. अमन वशिष्ठ ने कार्यक्रम समन्वयन एवं संचालन किया। प्रो. दिव्या मल्हान ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



चयनित विद्यार्थी।

## कार की टंकी फुल करवा कर आरोपी फरार, गाड़ी कैमरे में कैद



**रोहतक।** जींद रोड पर गांव भगवतीपुर के पास कुछ युवक क्रेटा गाड़ी की तेल की टंकी भरवा कर फरार हो गए। पेट्रोल पंप मालिक ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। आरोपी कैमरे में कैद हुए हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। इससे कुछ दिन पहले भी दूसरे पेट्रोल पंप पर ऐसी वारदात को अंजाम दिया गया है। जिससे पंप संचालकों में रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, पेट्रोल पंप मालिक ने लाखनमाजरा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दोपहर को एक सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी लेकर कुछ युवक तेल डलवाने के लिए आए। उन्होंने पंप कर्मचारियों से गाड़ी की टंकी फुल करवाने के लिए कहा। उन्होंने 45 सौ रुपये में कार की टंकी फुल करवा ली। रुपये मांगे तो आरोपी फरार हो गया।

## प्रॉपर्टी की जानकारी लेने के लिए निगम ने ताकत झोंकी

**30 प्रतिशत काम करना है जल्द पूरा**

### डोर टू डोर कर्मचारी भेजने के अलावा कैंप लगाए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम ने प्रॉपर्टी की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। इसके तहत हर वार्डों में कर्मचारी डोर टू डोर भेजे जा रहे हैं जो लोगों से जानकारी लेकर प्रॉपर्टी की जानकारी अपलोड कर रहे हैं। इसके साथ ही निगम द्वारा हर वार्ड में कैंप लगाने की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को दो जगहों पर कैंप लगाए गए। जहां कर्मचारियों ने आए हुए लोगों से प्रॉपर्टी की जानकारी ली। मुख्यालय की ओर से निगम को 30 प्रतिशत कार्य जल्द पूरा करने के आदेश दिए गए हैं। जिसकी वजह से इस कार्य को जोरशोर से किया जा रहा है। साथ ही आयुक्त अजय कुमार ने टैक्स ब्रांच को कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश जारी किए हैं।

### यहां लगाया गया शिविर




नगर निगम की ओर से वार्ड एक में धर्मशाला, शास्त्री नगर हिसार बाईपास पर कैंप लगाया गया। इसके अलावा वार्ड दो में नेहरू कालोनी में गौकर्ण तालाब के पास कैंप लगाया गया, जहां सुबह से ही लोग प्रॉपर्टी की जानकारी देने के लिए पहुंच गए थे। शाम तक कर्मचारियों को सैकड़ों आवेदन दिए गए।

### नहीं ले सकेगाा कोई और एनडीसी

आयुक्त अजय कुमार ने आमजन से अपील है कि यदि आपकी सम्पत्ति का विवरण सही है तो कैम्प में सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित अवश्यक करवायें क्योकि ऐसा करने से कोई अन्य व्यक्ति आपकी प्रॉपर्टी आईडी पर अपना आवेदन नहीं कर सकता और न ही प्रॉपर्टी नो ड्यूज निकलवा सकता है।

**बिडंबना** जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर लगाए लापरवाही के आरोप

## पाइप डाले सड़क की मरम्मत करना भूले, रामगोपाल कॉलोनी में 150 मकानों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रामगोपाल कॉलोनी में लम्बे समय से 150 मकानों तक पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है। इसके लिए मकान मालिकों ने जन स्वास्थ्य विभाग के लापरवाही अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही उन्होंने कॉलोनी में दोनों तरफ से दस दस इंच की पाइप लाइन दबवाने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक यह पाइप लाइन नहीं दबेगी, उनके मकानों तक पानी नहीं पहुंचेगा। हैरानी की बात यह भी है कि पूरा मामला विभाग के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है। इसके बावजूद वह कोई समाधान नहीं करवा पा रहे हैं।

रामगोपाल कॉलोनी निवासी एवं सर्व खाप प्रवक्ता वीरेंद्र हुड्डा ने बताया एक सेवानिवृत्त अधिकारी द्वारा बड़ी मोटर की मदद से पानी को रोक लिया जाता है। इसके अलावा दोनों ओर छोटी लाइन दबाई गई हैं जिनसे पानी आगे नहीं पहुंच पाता। सोनीपत रोड की तरफ से चार इंच की लाइन है जबकि दिल्ली रोड की तरफ से छह इंच की लाइन दबाई गई है। निजी कंपनियों द्वारा कई बार करवाई गई खुदाई की वजह से पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। वह इस समस्या को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं। उन्हें पूरी समस्या से अवगत करवाया जा चुका है लेकिन फिर भी कोई हल नहीं निकल पा रहा। सोनीपत और दिल्ली रोड की तरफ से दस-दस इंच की लाइन दबाने की मांग की है।



रामगोपाल कॉलोनी में खोदी गई गली।

### छोटूराम चौक पर पर पाइप लाइन डालने के बाद सड़क की नहीं हुई मरम्मत।



रोहतक। छोटूराम चौक पर पाइप डालने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं की गई। यहां से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। इसकी वजह से स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से सड़की मरम्मत करवाने की मांग की है। योगेश कुमार खुराना ने बताया कि यहां करीब 25 दिन पहले सड़क की खुदाई करवाकर पाइप डाले गए हैं। इसके बाद विभाग के अधिकारी सो गए। सड़क को ठीक करना ही भूले गए। इसकी वजह से लोगों को भारी असुविधा हो रही है। यहां से रोजाना स्कूल बस, एंबुलेंस, ऑटो , कार, बाइक आदि गुजरते हैं। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। उनके वाहन भी हादसों का शिकार हो रहे हैं। दुकानदारों ने भी प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।






# 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का हुआ ऐलान

**मुंबई।** जीवन जे कांग और नवीन जॉन की वेब सीरीज 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के तीनों सीजन को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। अब हनुमान जयंती के खास मौके पर निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, उन्होंने 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का ऐलान कर दिया है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' जल्द डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' का टीजर साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'बजरंगबली ने बुलाया है, आना तो पड़ेगा।'

लाइफ Style

# सारा अली

## 'मेट्रो इन दिनों' थिएटर में धमाल मचाने तैयार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' काफी चर्चा में हैं। वहीं फिल्म में पहली बार सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं। इसी बीच फिल्म की नई तारीख की घोषणा कर दी गई हैं।

एक बार फिर फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। हाल ही में कोंकणा सेन शर्मा नेपोस्ट को शेयर करते हुए, उन्होंने लिखा कि, "तैयार हो जाइए शहरी रोमांस देखने के लिए, जो इससे पहले आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। 'मेट्रो इन दिनो' 29 नवंबर 2024 में को सिनेमाघरो में रिलीज होने वाली हैं। आपको बता दें, इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु और भूषण कुमार ने किया है। वहीं जहां एक तरफ, इस एंथोलॉजी फिल्म में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं दूसरी तरफ, कई और नई जोड़ियां अपना जलवा दिखाएंगी। इसके साथ ही इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, नीता गुप्ता, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, अली फजल भी अहम रोल प्ले करने वाले हैं। ऐसे में अब वह एंथोलॉजी फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों में बिल्कुल नई कास्ट के साथ दर्शको के बीच नजर आने वाली है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, अक्सर अनुराग बसु की फिल्म दिल छू देने वाली होती है।



## हॉलीवुड मसाला



# मिशन इम्पॉसिबल-7 व 8 इंतजार खत्म

**लॉस एंजिलस।** टॉम क्रूज अभिनीत स्पाई एक्शन सीरीज 'मिशन इम्पॉसिबल 7' और 'मिशन इम्पॉसिबल 8' की दो फिल्मों की रिलीज डेट को अमेरिका और यूरोप भर में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आगे बढ़ा दिया गया है। 'वैराइटी' की रिपोर्ट के मुताबिक 'मिशनः इम्पॉसिबल 7', जो पहले 30 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। इससे पहले 'मिशनः इम्पॉसिबल 8', जो 7 जुलाई, 2023 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 28 जून 2024 को रिलीज होगी।



# डिप्रेशन से जूझ रही थीं मिस चेसली...

**लॉस एंजिलस।** मिस यूएसए 2019 चेसली क्रिस्ट ने 30 जनवरी, 2022 को आत्महत्या कर ली थी। उनकी न्यूयॉर्क की 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर मौत हुई थी। अब उनकी आत्महत्या को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। चेसली की मां अप्रैल सिमप्किंस द्वारा सह-लिखित उनके नए संस्मरण के मुताबिक, वह इंपोस्टर सिंड्रोम और हाई-फंक्शनिंग डिप्रेशन से पीड़ित थीं। चेसली ने लॉ और एमबीए की डिग्री हासिल की थी। उनका सफल करियर था, लेकिन उन्हें लगता था कि वह अच्छी नहीं हैं। चेसली ने अपने संस्मरण में खुलासा किया कि ऑनलाइन मिलने वाले नफरती संदेशों ने उनकी असुरक्षा को बढ़ा दिया था। इससे उन्हें इंपोस्टर सिंड्रोम हो गया।



# डॉक्यूमेंट्री के लायक है मेरी कहानी...

**मुंबई।** नोरा फतेही फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की, वहीं इसमें नोरा के अभिनय की भी फिल्म में तारीफ हुई। अपनी इस फिल्म की रिलीज के बाद से नोरा काफी मुखर हो गई हैं और बड़ी बेबाकी से अपने विचार रख रही हैं। पिछले दिनों उन्होंने बॉलीवुड के शादीशुदा जोड़ों पर निशाना साधा था। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन पर फिल्म बनने की बात कही। एक इंटरव्यू में नोरा ने कहा, मेरे पास एक कहानी है और एक दिन मैं इस पर डॉक्यूमेंट्री बनाना चाहूंगी। इस बारे में बात करना चाहूंगी कि कैसे नोरा नाम की लड़की एक जगह आती है। वो भारतीय नहीं है, लेकिन वो बॉलीवुड में आई, उसने हिंदी भाषा सीखी और सभी बाधाओं को तोड़ते हुए वह आगे बढ़ी।



# डीपफेक वीडियो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान के बाद अब बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने भी अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ लीगल एक्शन लिया है। रणवीर ने डीपफेक वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि बीते दिनों अभिनेता आमिर खान, रश्मिका मंदाना, नोरा फतेही समेत कई सितारे डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुके हैं। इस मामले में एक्टर रणवीर सिंह भी फंस गए हैं। इन दिनों अभिनेता का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले को लेकर रणवीर सिंह ने कानूनी एक्शन लेते हुए अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस वीडियो में उन्हें देश में जारी लोकसभा चुनाव के बीच एक राजनीतिक पार्टी का प्रमोशन करते देखा जा सकता है।

## फिल्मी मसाला

# रेखा ने सेट पर जड़ दिया था एक्ट्रेस को थप्पड़...

**मुंबई।** जिंदगी की तरह ही फिल्मों में भी सीखने-सिखाने का सिलसिला ताउम्र चलता रहता है। जब भी कोई नया-नवेला एक्टर फिल्मों की दुनिया में कदम रखता है तो उसके मन में कई तरह के संशय रहते हैं कि क्या वह इतने लोगों के बीच में अपनी अलग पहचान बना पाएगा या नहीं। डेब्यू फिल्म के दौरान अक्सर एक्टर डरे-सहमे रहते हैं और जब वह पहली ही फिल्म में किसी सीनियर एक्टर संग काम करते हैं तो डर और घबराहट का बढ़ना तो लाजमी है। बरसों पहले आई एक फिल्म के सेट पर नई-नवेली एक्ट्रेस संग ऐसा ही कुछ हुआ था। पहली ही फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें इतना जोरदार झटका लगा कि वह घंटों तक रोती रह गईं। आज ये एक्ट्रेस फिल्म लाईन से दूर होकर लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।



### आरती छाबड़िया ने लज्जा से किया था डेब्यू

एक्ट्रेस आरती छाबड़िया ने साल 2001 में आई राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'लज्जा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। महिलाओं पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने एक नहीं बल्कि कई दिग्गजों संग स्क्रीन शेयर किया था। 'लज्जा' में आरती छाबड़िया संग रेखा, माधुरी दीक्षित, महिमा चौधरी, सोनाली बेंद्रे, जैकी श्रॉफ, अजय देवगन, डैनी, गुलशन ग्रोवर जैसे कई मंझे हुए कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

### रेखा ने आरती को जड़ा था थप्पड़

इस फिल्म में एक ऐसा सीन था जिसमें रेखा को एक्ट्रेस आरती छाबड़िया को कई थप्पड़ झड़ने होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई-नवेली एक्ट्रेस को इस सीन के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी जिसकी वजह से जब ये सीन शूट हुआ तो उन्हें जोरदार झटका लगा था। रेखा ने सीन के अनुसार एक के बाद एक उन्हें कई थप्पड़ जड़ डाले थे जिस वजह से एक्ट्रेस गहरे सदमे में चली गईं।

### अब फिल्मों से दूर कमाती हैं करोड़ों

वह 'तुमसे अच्छा कौन है' में नकुल कपूर, 'आवारा पागल दीवाना' में अक्षय कुमार, 'राजा भईया' में गोविंदा और 'पार्टनर' में सलमान खान संग काम कर चुकी हैं। बॉलीवुड में कुछ खास सफल न होने के बाद एक्ट्रेस ने कई भाषाओं की फिल्मों में किस्मत आजमाई, लेकिन जब उन्हें वहां भी सफलता न मिली, तो उन्होंने फिल्मी पर्दे से दूरी बना ली। आज ये एक्ट्रेस लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

# ये सितारे एक ही फिल्म में बने हीरो और विलेन, खुद से ही किए दो-दो हाथ...

*मुंबई। बॉलीवुड में आपने कलाकारों को फिल्मों में तमाम नए-नए प्रयोग करते देखा होगा। कुछ कलाकार अपना किरदार निभाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं और जोखिम उठाने से भी परहेज नहीं करते। हालांकि, सबसे मुश्किल होता है फिल्म में 2 अलग-अलग किरदार निभाना। कई सितारों ने फिल्मों में हीरो के साथ-साथ विलेन की भूमिका को अंजाम दिया है। आज हम आपको उन्हीं कलाकारों से मिलवा रहे हैं, जो पर्दे पर खुद से ही भिड़ते नजर आए हैं।*

*__अमिताभ बच्चन :__ शुरुआत करते हैं अमिताभ बच्चन से, जिन्होंने अपने करियर में कई अलग-अलग फिल्मों में हीरो और खलनायक की भूमिका निभाई हैं, लेकिन 1978 में आई फिल्म 'डॉन' में उन्होंने न सिर्फ हीरो, बल्कि विलेन का किरदार भी बड़े शानदार तरह से निभाया। फिल्म में वह 'विजय' और 'डॉन' के किरदार में नजर आए थे। उन्हें उनके उम्दा अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था। जी5 पर अमिताभ की यह फिल्म मौजूद है। फिल्म आखिरी रास्ता में बाप और बेटे की भूमिका निभाई। महान फिल्म में भी अमिताभ ने तीन रोल निभाए थे।*



*__अक्षय कुमार :__ अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी। अक्षय 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'अफलातून' और 'खिलाफी 420' में डबल रोल में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने हीरो और विलेन दोनों की भूमिका खुद ही निभाई थी। 'अफलातून' यूट्यूब पर तो 'खिलाड़ी 420' जी5 पर देखी जा सकती है।*

*__शाहरुख खान :__ शाहरुख खान ने कई हिट और सुपरहिट फिल्में कीं। 'डुप्लीकेट' उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में शुमार है, जिसके लिए उन्हें न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों से भी खूब सराहना मिली। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यही वो पहली फिल्म थी, जिसमें शाहरुख को हीरो के साथ-साथ विलेन के रूप में भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने 'डॉन' और 'फैन' में भी सकारात्मक और नकारात्मक भूमिका निभाई। अमेजन प्राइम वीडियो पर ये दोनों फिल्में मौजूद हैं।*



# 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में हुईं शुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल हो गई हैं। टाइम मैग्जीन ने अपनी 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी की है, जिसमें आलिया भट्ट का भी नाम शामिल है। आलिया भट्ट ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, #टाइम100 का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही ही। आपके दयालु शब्दों के लिए सबसे प्यारे #टॉमहार्पर को धन्यवाद। आलिया भट्ट को लेखक-निर्देशक और फिल्म निर्माता टॉम हार्पर ने 'अद्भुत टैलेंट' में से एक बताया। उनकी प्रोफाइल में लिखा गया है कि आलिया दुनिया की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

## साउथ की इन फिल्मों ने एक्टर को बनाया मेगा पावरस्टार

# आरआरआर से बॉलीवुड में रामचरण ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में बड़ा नाम बना चुके राम चरण की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। एक्टर और निर्माता राम चरण ने 27 मार्च को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म चेन्नई में तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी के घर हुआ था। वह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले कलाकारों में से एक हैं। राम चरण ने 2007 में फिल्म चिरुथा से अपने फीचर करियर की शुरुआत की। उन्हें 2009 में एस.एस. राजामौली की फंतासी एक्शन फिल्म मगधीरा से प्रसिद्धि मिली, जो उस समय सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई।

***कई अवॉर्ड और पुरस्कार जीते :*** अपने शानदार करियर में राम चरण ने कई अवार्ड और पुरस्कार जीते हैं। आज राम चरण न सिर्फ साउथ सिनेमा बल्कि बॉलीवुड में भी लोकप्रिय एक्टर हैं। राम चरण की आरआरआर देखने के बाद फैन्स इनके दीवाने हो गए लेकिन बॉलीवुड दर्शक स्टार की उन फिल्मों को नहीं जानते जिनसे साउथ में धमाल मचाया। आइए जानते हैं रामचरण की बेस्ट मूवीज।

**नायक :** साल 2013 में सिनेमाघरों में आई फिल्म नायक में राम चरण के किरदार ने फैन्स का दिल जीत लिया। नायक की कहानी में एक युवक और उसका हमशक्ल अन्याय का मुकाबला करने और खलनायकों के खिलाफ अपने प्रतिशोध को निपटाने के लिए एकजुट होते हैं।

**चिरुथा :** फिल्म में राम चरण को एक गरीब आदमी के रूप में दिखाया गया है जिसे गलत तरीके से हत्या का दोषी ठहराया जाता है और जेल भेज दिया जाता है। चिरुथा साल 2007 में रिलीज हुई थी।

**मगधीरा :** साल 2009 में काजल अग्रवाल के साथ राम चरण की फिल्म मगधीरा आज भी फैन्स के जहन में है। फिल्म की कहानी राजकुमारी को बचाने के प्रयास के बाद 400 साल बाद एक योद्धा का पुनर्जन्म होता है और राज्य के परिणामस्वरूप उसकी और राजकुमारी की मृत्यु हो जाती है। अपने खोए हुए प्यार को वापस पाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, वह चुनौतियों से पार पाने और सभी बाधाओं के खिलाफ विजयी होने के लिए एक नई यात्रा पर निकलता है।

**ऑरेंज :** साल 2010 में आई ऑरेंज में राम चरण एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं जो स्थायी प्रेम में विश्वास नहीं करता है और एक जीवंत रोमांटिक रिश्ते का पीछा करता है। हालाँकि, प्यार के बारे में उनकी परस्पर विरोधी मान्यताएँ उन्हें अलग रखती हैं।

**टॉप हिट फिल्में....**



**येवाडू :** अल्लू अर्जुन के साथ राम चरण की येवाडू 2014 में सिनेमाघरों में दस्तक देते ही हिट साबित हुई थी। फिल्म में राम चरण ने एक ऐसे युवा व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो गंभीर चोटों से पीड़ित होने और अपने प्रेमी को एक क्रूर हमले में मरते हुए देखने के बाद, जीवन बचाने के लिए चेहरे का प्रत्यारोपण कराता है। वह एक नए रूप के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से अपनी पहचान छिपाते हुए बदला लेना चाहता है। उनका ताजा चेहरा उनके जीवन में अप्रत्याशित कठिनाइयों और जटिलताओं को प्रस्तुत करता है।

**गोविंदुडु अंदारिवाडेले (येवाडू 2) :** फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने परिवार में दरार के कगार पर होने की तलाश में भारत लौटता है। चीज़ों को गंभीरता से न लेने की आदत के बावजूद, उसे अपने परिवार के रिश्तों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**ब्रूस ली- द फाइटर:** राम चरण और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म ब्रूस ली द फाइटर साल 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में राम चरण को एक स्टंटमैन के रूप में दिखाया गया है जिसे एक आदर्शवादी महिला गलती से पुलिस अधिकारी समझ लेती है। वास्तविक अधिकारी न होने के बावजूद, वह पुलिस की ओर से अपराध से लड़ने की भूमिका निभाता है।

### ऑस्कर विजेता फिल्म आरआरआर

ऑस्कर विजेता फिल्म दो प्रसिद्ध क्रांतिकारियों की काल्पनिक कहानी और 1920 के दशक में अपने देश के लिए लड़ने के उनके रास्ते का वर्णन करती है। वहीं ध्रुव एक समर्पित पुलिस अधिकारी देश के सबसे भ्रष्ट व्यक्ति सिद्धार्थ अभिमन्यु को मार गिराने के बेहद खतरनाक मिशन पर है।

### रामचरण की गेम चेंजर ने मचाई धूम

रामचरण की फिल्म गेम चेंजर 14 अप्रैल को रिलीज होने के बाद से धूम मचा रही है - गेम चेंजर एक आगामी तेलुगु भाषा की एक्शन से भरपूर राजनीतिक थ्रिलर फिल्म है, जिसे कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है, एस. शंकर अपनी तेलुगु निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। दिल राजू और सिरीश ने इसे श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले निर्मित किया है।

**उमड़ी आस्था:** हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में जगह-जगह कार्यक्रम, चालीसा के सामूहिक पाठ

# जय हनुमान ज्ञान गुण सागर... बजरंग बली के जयकारे गूंजे

- पूजा के लिए एक किलोमीटर तक लगी भक्तों की लाइनें

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

जिलेभर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में जहां भजन कार्यक्रमों तथा यज्ञ का आयोजन किया गया। वहीं शहर की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह भंडारे भी लगाए गए। खरावड़ स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह विशाल हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव खरावड़ स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर काफी खूब उत्साह देखने को मिला। हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे और मत्था टेका। पूजा के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं की लाइन भी करीब 1 किलोमीटर मीटर तक लग गई। जिसको संभालने के लिए 100 से अधिक पुलिस जवानों को तैनात किया। ताकि व्यवस्था को संभाला जा सके। वहीं, भंडारे में संगठन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही शहर में दुकानदारों ने अपनी पूरी सेवाएं भंडारे में दी। शहर के मुख्य बाजारों में शोभा यात्रा निकाली गई। झांकियां दर्शाई गई।

### जगह-जगह भंडारे

हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। गोहाना रोड, सोनीपत रोड, के निकट भंडारा लगाया गया। जिसमें हजारों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिरों में भी श्रीराम भक्त हनुमान की पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा पढ़ी। पूरा दिन जगह-जगह श्रद्धालु हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए नजर जाए।



**रोहतक।** गौकर्ण धाम के नजदीक प्राचीन शिव मंदिर व शनि मंदिर में हनुमान जयंती पर हनुमान जी की पूजा अर्चना करते हुए महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी मेयर मनमोहन गोयल,राकेश गोयल, सुधीर गुप्ता, बिजेंदर जैन व पवन खरकिया, बिजेंदर लड़वाल ,डॉक्टर गोयल और संदीप मलिक आदि मौजूद रहे।

## खरावड़ के हनुमान मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



खरावड़ स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हवन से शुरूआत की गई। जिसमें कस्बे के सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने आहूति डाली। दोपहर के समय भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी के प्रधान ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाई गई है। हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। **एडीजीपी सीआईडी पहुंचे दर्शन करने:** खरावड़ हनुमान मंदिर में हर साल हनुमान जयंती पर बड़े स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिसमें दूर दराज से लोग पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल हनुमान मंदिर में पहुंचे और पूजा की।

## महमः श्रद्धालुओं ने भंडारों में छका प्रसाद

**महम।** मंगलवार को महम क्षेत्र में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। जगह जगह भंडारे लगाए गए। श्रद्धालुओं ने भंडारों में प्रसाद छका। भाजपा नेत्री राधा अहलावत ने हनुमान मंदिर बहलबा, बहु अकबरपुर, भराण, मदीना, महम जलघर और सीसर खास में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। हनुमान मंदिरों में माथा टेका और आशीर्वाद लेकर भंडारों में प्रसाद ग्रहण किया। राधा ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद लोगों का उत्साह दोगुना हो गया है।ाजपा नेत्री ने इस उपलक्ष्य पर सभी हलका वासियों को हनुमान जी के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा।



**महम।** भाजपा नेत्री राधा को हनुमान जी की तस्वीर भेंट करते आयोजक।



## पैदल यात्रा निकाली

हनुमान जयंती पर बजरंगी समाज सेवा संगठन ने पैदल यात्रा निकाली। यात्रा जेपी कॉलोनी से होते हुए करतारपुरा इंदिरा कॉलोनी व गौड़ स्कूल से होकर गौकर्ण धाम पर समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी अंकुश बिड्डू सांसी उपस्थित रहे। इस कार्यकम की अध्यक्षता बजरंगी समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष अभी राणा ने की। मौके पर उपाध्यक्ष अखिल राणा, महामंत्री हेमंत श्रेष्ठा, आर्यन भाट, शुभम रॉय, आर्यन राजपूत, वरुण राजपूत, रोहित माहला, आयुष माहला, गौरव पारचा, मयंक बिडलान, मोहित बोहत, अनिकेत बिड्डू, अमन राजपूत, अमन संभरवाल, विनय वाल्मीकि शौकत आदि मौजूद रहे।

## हरिओम सेवा दल ने लगाया रक्तदान शिविर



**रोहतक।** शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि एमडी एलपीएस बोसार्ड राजेश जैन व हरि ओम सेवा दल के प्रधान डॉ. अनिल शर्मा।

हरि ओम सेवा दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर हर वर्ष की भांति माता तुलसी देवी की स्मृति में हनुमान मंदिर खरावड़ के पास पुल के नीचे रक्तदान शिविर लगाया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेश जैन, हरि ओम सेवा दल के प्रधान डॉ. अनिल शर्मा के पिता रघुवीर शर्मा परिवार हनुमानगढ़ राजस्थान वालों ने अपने कर कमलो से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 101 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान हरि ओम सेवा दल के सरपरस्त राजेश जैन एमडी एलपीएस बोसार्ड एवं रघुवीर शर्मा ने रक्तदाताओं को बैच लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। शिविर में हरिओम सेवा दल अध्यक्ष मनोज बतरा, प्रधान डॉक्टर अनिल शर्मा, उप प्रधान देवेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, संगठन महासचिव योगेश अरोड़ा, संस्थापक संजय खुराना, महासचिव अश्विनी पाहवा, अशोक कतयाल, जगत सिंह गिल, सनी निझावन, शीतल एवं टीम रवि सोहल, राजेश एवं सेवादार उपस्थित रहे।

## हनुमानजी को लगाया 31 किलो का लड्डू व 56 प्रकार के व्यंजन का भोग



**रोहतक।** हनुमान जन्मोत्सव पर ध्वजारोहण करतीं डॉ. रीटा शर्मा व साध्वी मानेश्वरी देवी। *फोटो : हरिभूमि*

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया गया। मानेश्वरी देवी ने अंजलि पवनपुत्र हनुमान को 31 किलो के लड्डू और उनके प्रिय 56 प्रकार के व्यंजनों का मंत्रोच्चारण और विधिनुसार भोग लगाया। जिसमें इमरती, चुरमा, गाजर का हलवा, मोतीचूर व गुड के लड्डू, सवामणी का प्रसाद, गुड का तोशा, बालू शाही, गुरदाना, गुड की रेवडी, आनार, पेठा आदि थे। कार्यक्रम में सुबह 10 बजे सकीर्तन, प्रभु हनुमान की पूजा-अर्चना, मुख्य अतिथि डॉ. रीटा शर्मा द्वारा ध्वजारोहण और गुरुमां मानेश्वरी देवी के प्रवचन हुए। तत्पश्चात हनुमान चालीसा जाप, सुंदरकांड पाठ का विधिनुसार समापन किया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. अरविंद शर्मा की धर्मपत्नी डॉ. रीटा शर्मा ने सुबह 11 दीप प्रज्ज्वलित करके हनुमान की श्रद्धा और उत्साह से आरती व पूजा-अर्चना की। डॉ. रीटा शर्मा ने मानेश्ववरी देवी और भक्तों संग भक्ति में लीन होकर डांडियां भी खेला और जय श्रीराम के जयकारों के साथ भजनों पर नाचने पर विवश हुईं। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. अरविंद शर्मा की धर्मपत्नी डॉ. रीटा शर्मा ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हुई है कि हनुमान जन्मोत्सव पर आज देश भक्ति में लीन है। पूर्व डिप्टी मेयर राजकमल सहगल ने कहा कि हमारा देश संत महात्माओं का देश है।

## सांपला में जन्मोत्सव पर लगे भंडारे



**सांपला।** कस्बे में श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान जन्मोत्सव मनाई गई। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना की और मन्नत मांगी। वार्ड नंबर 13 में वरिष्ठ नागरिक 94 वर्षीय पंडित लखमीचंद की तरफ से जन्मोत्सव पर देसी घी का भंडारा लगाया गया। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर वरिष्ठ लोगों को पगड़ी बांधकर सम्मानित भी किया गया। बाजार में भी शिव धर्मशाला के अलावा भी मैन चौक और पुरानी अनाज मंडी में भंडारा लगाया गया। जनप्रयाग सेवा समिति, हिंदू जागरण मंच, भगत सिंह संगठन से महंत कमल दास महा मंडलेश्वर बाबा राघवेन्द्र भारती, स्वामी सोम प्रकाश महाराज की अध्यक्षता में श्रद्धालुओं द्वारा शोभा यात्रा में निकाली गई। वहीं इस्माईला में ट्रक यूनियन ने भी हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा लगाया।

## केवीएम में चालीसा गाकर मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**रोहतक।** हनुमान के भजनों पर बच्चों ने नृत्य करते विद्यार्थी।

**रोहतक।** केवीएम स्कूल में बच्चों ने हनुमान चालीसा गाई तथा मंदिर जाकर भगवान हनुमान के दर्शन किए। हनुमान के भजनों पर बच्चों ने नृत्य के द्वारा अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रधानाचार्या मीना कौशिक ने बच्चों को हनुमान के जीवन से बारे में बताया और हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी।



**रोहतक।** सेक्टर एक में सेक्टर फ्रैंड्स क्लब की और से पार्क में प्रसाद ग्रहण करते बच्चे।

## मेडिकल कैंपस में हनुमान जन्मोत्सव पर भजन संध्या



रोहतक। पीजीआई के मेडिकल कैंपस में शिव-हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव पर कार्यक्रम किया गया। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में कहा कि हमें ऐसे ही एकजुट होकर धार्मिक व सामाजिक पर्व आयोजित करके एक साथ रहना चाहिए। मंदिर सेवा समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि भव्य कार्यक्रम आयोजित करते रहें जिनमें सभी का सहयोग ऐसे ही रहेगा। इस अवसर पर विनित राजवंशी भजन मंडली द्वारा हनुमान महिमा का गुणगान किया गया व हनुमान झांकी निकाली गई। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों के सामूहिक सहयोग से सवामणि प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर सेवा समिति प्रधान सुंदरलाल सचदेवा व महासचिव जयभगवान शर्मा, सरंक्षक सुरेंद्र अहलावत, कोषाध्यक्ष राजीव सैनी, प्रेस सचिव संजीव भारद्वाज, राजेश ढांडा, महाबीर डीपीई, राजेंद्र पांचाल, वजीर, अशोक वशिष्ठ, हरमिंद्र यादव, सत्यवान शर्मा, रामपाल पांचाल, विरेंद्र, संजय सिंहमार, अमित पुजारी, श्याम पंडित ने बताया कि हर साल जयंती पर ऐसे पीजीआई स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम किया जाता है। महासचिव जयभगवान शर्मा ने सभी का आभार जताया।



**रोहतक।** पानी व बिस्कुट प्रसाद वितरित करते एक पहल नई दिशा ट्रस्ट के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा

**रोहतक।** दिल्ली रोड स्थित एक पहल नई दिशा ट्रस्ट की तरफ से खरावड़ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को पानी व बिस्कुट प्रसाद के रूप में वितरित करने का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद के साथ हनुमान जयंती की बधाई भी दी गई। इस शुभअवसर पर ट्रस्ट के प्रधान सोमबीर, अभिषेक, पवन, विनोद, आशुतोष, अमन वशिष्ठ, योगेश, नवीन, नीरज, हितेंद्र, प्रवीन, सन्दीप आदि मौजूद रहे।



## हर हरियाणवी में हनुमान का अंशः जयहिंद

**रोहतक।** जयहिंद सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिंद मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर रोहतक में अलग -अलग जगह आयोजित समारोह में शिरकत की। इस मौके पर नवीन जयहिंद और उनके साथियों ने हनुमान का आशीर्वाद लिया और प्रसाद गृहण किया। नवीन ने हिसार बाइपास चौक मार्केट एसोसिएशन, रुपया चौक, गांव सांपला, मोखरा, सुनारियां सहित कई गावों में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे। जयहिंद ने कामना की कि जैसा धैर्य और शक्ति हनुमान में है उनके कुछ अंश प्रदेश के युवाओं में भी हैं और वे नशे और अपराध से बचे रह सकते हैं। इस मौके पर नवीन जयहिंद ने मौजद सभी भक्तों को 19 मई को पहरावर में आयोजित 121 फीट भगवान परशुराम मंदिर मूर्ति निर्माण और परशुराम जन्मोत्सव का न्योता दिया।

## अवतरण दिवस पर हनुमत दरबार

रोहतक। ओशोधारा मैत्री संघ रोहतक के साधक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा आयोजित हनुमत दरबार से ऑनलाइन जुड़े। हनुमान अवतरण दिवस पर देश-विदेश से 500 से ज्यादा साधको ने ऑनलाइन जुड़कर स्वास्थ्य, शक्ति और हनुमत सिद्धि का आनंद लिया। समर्थगुरु ने कहा कि हनुमान शिव के अवतार हैं और विष्णु के भक्त हैं। परमानंद में सदा जीने वाले ब्रह्मिनिष्ट संत हैं। बल,बुद्धि, स्वास्थ्य, प्रसन्नता और भक्ति के दाता हैं। इस अवसर पर ओशोधारा के वरिष्ठ आचार्य कुलदीप उझाना, बिरजू जैन, अनाहत, डॉ. परमवीर, कबीर, डॉक्टर वरुण, संजय वर्मा, संगीता नैन, मोनिका, आशा, डॉक्टर विदुषी, शिल्पा, प्रियंका, अरुणिमा इत्यादि मौजूद रहे।

# अनिल सुहाग को ओवर ऑल ट्राफी से किया सम्मानित




**रोहतक।** बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान विगत वर्षीय विजेता रहे विद्यालय के पुखराज सदन के अध्यक्ष अनिल सुहाग व उनकी पूरी टीम को प्रधानाचार्य दुलाल देब द्वारा ऑवर ऑल ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। विगत वर्ष में पुखराज सदन की पूरी टीम ने मिलकर आपसी सहयोग व कर्तव्य परायणता के साथ विद्यालय के हर कार्यक्रम व प्रतियोगिता में अपना बेहतरीन प्रदर्शन दे कर ही इस खिताब को जीता है। प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में हम सभी के अंदर एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना होनी चाहिए और हमें अपने सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। स्कूल निदेशक सुरेंद्र फौगाट ने ऑवर ऑल विजेता पुखराज सदन के छात्र-छात्राओं व सदनाध्यक्ष अनिल सुहाग को बधाई दी।

# कैंसर की बीमारी अब लाइलाज नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

- पोजीट्रोन अस्पताल ने किया 1000 से ज्यादा कैंसर मरीजों का सफल इलाज



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते पीजीआई से सेवानिवृत्त डॉ. जिले सिंह कुंडू।

पोजीट्रोन अस्पताल में मंगलवार को कैंसर को लेकर पत्रकार वार्ता की गइ्र। इसमें पीजीआई से सेवानिवृत्त डॉ. जिले सिंह कुंडू ने बढ़ते हुए कैंसर के बारे में चर्चा की और बचाव के तरीके बताए। इस मोके पर डॉ. संजय बड़ेसरा स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉ. मनीष शर्मा कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉ. मनोज तायल कैंसर रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे।

अस्पताल के सीईओ अनिल यादव ने बताया कि अस्पताल में उच्च सत्र की मशीनों द्वारा कैंसर की स्क्रीनिंग की जाती है, ताकि मरीज की बीमारी का अच्छे से पता लगाया जा सके, जैसे ही मरीज की बीमारी का पता चलता है तो ट्यूमर बोर्ड की टीम ही सुनिश्चित करती है कि मरीज का इलाज किस प्रकार होगा। ट्यूमर बोर्ड की टीम में सर्जिकल ऑनकोलॉजीस्ट, मेडिकल ऑनकोलॉजिस्ट, रेडिएशन ऑनकोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्टि, डायग्नॉस्टिक रेडियोलॉजिस्टि और अमेरिका से भी डॉक्टर जुड़े हुए हैं। ये डॉक्टर वहां की नई तकनीक यहां सांझा करते हैं और फिर उसी के आधार पर मरीज का इलाज शुरू होता है।। कैंसर को पहचानने मे पैथोलॉजी और डायग्नॉस्टिक रेडियोलॉजी विभाग के अनुभवी डॉक्टर अहम भूमिका निभाते हैं।

अस्पताल में सभी प्रकार के कैंसर के ऑपरेशन, इम्युनोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी, कैंसर लैब, पैथोलॉजी लैब, डायग्नोस्टिक रेडियोलॉजी जैसे सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। अभी तक हम 1000 से ज्यादा कैंसर के ऑपरेशन व 500 से ज्यादा मरीजों की कीमोथेरेपी कर चुके हैं। मरीज इलाज करवाने के बाद आते हैं और बताते हैं कि अब वो सकुशल अपना जीवन बिता रहे हैं। अमेरिका में 26 सेंटर चलाने के बाद पोजीट्रोन अस्पताल को भी उन्हीं तकनीकों के साथ बनाया गया है। मरीज को दिल्ली या गुरुग्राम जैसे बड़े शहरो में न जाना पड़े। इस सेंटर में पीआईपीएसी जैसे ऑपरेशन भी संभव हैं जो हरियाणा में सिर्फ इसी सेंटर पर होता है। इसमें मरीज के अंदर कीमोथेरेपी की दवाई का स्प्रे किया जाता है, जिसमें साइड इफेक्ट का खतरा नहीं रहता।

### 25 को फ्री मेगा कैंसर कैंप

25 अप्रैल को पोजीट्रोन में फ्री मेगा कैंसर कैंप लगेगा, जिसमे डॉक्टर जिले सिंह कुंडू हड्डी कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर संजय बडेसरा स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर मनीष शर्मा कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर मनोज तायल कैंसर रोग विशेषज्ञ निशुल्क जांच करेंगे।

# मतदान केंद्रों पर ठंडा पानी व शेड लगवाए जाएंः डीसी

- रोहतक और झज्जर डीसी ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा की

**रोहतक।** रोहतक लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को झज्जर के उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह सहित लोकसभा क्षेत्र में शामिल सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक में लोकसभा चुनाव के प्रबंधों की समीक्षा की गई। रिटर्निंग अधिकारी ने चुनाव के संदर्भ में उपस्थित अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंधों तथा भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों की विस्तृत जानकारी दी।

कैप्टन शक्ति सिंह ने भी चुनाव के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी सांझा की। रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें। मतदान के लिए सभी प्रबंध किए जाये। मतदान केंद्र के लिए प्रभारी भी लगाये जाये। गर्मी के मौसम को मद्देनजर रखते हुए मतदाताओं के लिए ठंडे पेयजल तथा शैड की भी व्यवस्था करवाई जाये। मतदान पार्टियों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था भी करवाई जाये। सर्विस मतदाताओं व मतदान ड्यूटी पर तैनात स्टाफ के लिए भी समय पर प्रबंध किए जाये।अजय कुमार ने कहा कि मतदान पार्टियों के लिए यातायात की व्यवस्था की जाये। विभिन्न प्रकार के पोस्टल बैलेट की भी व्यवस्था करें। सभी संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी आपसी तालमेल बढ़ाये। चुनाव ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया भी बताई गई।



**रोहतक।** मीटिंग लेते हुए रोहतक लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार व झज्जर के उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह।

बीएमयू में विश्व पृथ्वी दिवस पर किया जागरूकता कार्यक्रम

# जैव विविधता के महत्व और संरक्षण पर दिया जोर

- इको बायोडायवर्सिटी क्लब की ओर से कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में अस्थल बोहर में इको बायोडायवर्सिटी क्लब द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय प्रकृति की सद्भावना का पोषण था।

कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के सहयोग से किया गया। इस अवसर के सम्मानित अतिथियों में घनश्याम शुक्ला, आईएफएस, सदस्य सचिव, हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड और सुंदर लाल सांभरिया, आईएफएस, डीसीएफ शामिल थे। प्रेरण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना और छात्रों को जैव विविधता संरक्षण प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। घनश्याम शुक्ला ने कहा कि हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड एक राज्य सरकार की एजेंसी है जो हरियाणा में जैविक विविधता अधिनियम, 2002 के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। बोर्ड जैव विविधता के संरक्षण, जैविक संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देने और आनुवंशिक संसाधनों के उपयोग से उत्पन्न होने वाले लाभों का उचित और न्यायसंगत साझाकरण सुनिश्चित करने के लिए काम करता है। सुंदर लाल सांभरिया, आईएफएस ने शुक्ला के विचारों को दोहराया। बीएमयू के कुलपति प्रोफेसर एचएल वर्मा ने बच्चों के साथ बातचीत करते हुए अपने संबोधन में जैव विविधता के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। अंत में इको बायोडायवर्सिटी क्लब की ओर से हरियाणा राज्य बायोडायवर्सिटी एवं विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड की ओर से डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेयर कुशुम शर्मा एवं आशीष तथा विश्वविद्यालय प्रशासन की और से डॉ. मनोज कुमार रजिस्ट्रार बीएमयू, डॉ. नवीन कपिल डीन अकेडमिक अफेयर बीएमयू, डॉ. रवि कुमार राणा डीन विज्ञान संकाय, डॉ. पालवी भरद्वाज डिप्टी डीन विज्ञान संकाय, नोडल अधिकारी डॉ. चंचल मल्होत्रा, इको बायोडायवर्सिटी क्लब के सभी सदस्य एवं समन्वयक तथा सभी विभागों के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा ने की हरे चारे की सेवा

**रोहतक।** भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा द्वारा वैश्य गौशाला में हरे चारे की सेवा भेंट की गई। परिषद सदस्यों ने स्वयं श्रम दान करते हुए हरा चारा खोर में डाला व गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह सेवा परिषद परिवार के सदस्य राजकुमार गुप्ता ने अपनी शादी की सालगिरह व हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गौशाला को भेंट की। राजकुमार गुप्ता ने बताया कि आज सालगिरह वाले दिन बाबा का जन्मदिवस आना की हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है। सारा देश मिलकर हनुमान का उत्सव अपने-अपने तरीके से मना रहा है। उन्होंने भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा सदस्यों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया व साथ ही सबको गौशाला आने या गौमाता के लिए कुछ भी रोजाना श्रद्धा से निकालने का आव्हान किया। परिषद सदस्यों ने राजकुमार गुप्ता व योगेश गुप्ता को सालगिरह की बधाई दी। इस अवसर पर राममूर्ति देवी, योगेश गुप्ता, भव्या गुप्ता, शाखा अध्यक्ष नीरज बंसल, कार्यक्रम संयोजक प्रवीण गर्ग, संदीप गुप्ता, मिंटू, हरिओम गोयल, विजय गुप्ता, विशाल जैन, सुनीता गुप्ता, साक्षी बंसल आदि मौजूद रहे।



## विश्व पृथ्वी दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

रोहतक। भगवान परशुराम आश्रम जनकल्याण समिति द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। समिति अध्यक्ष एडवोकेट ललित कौशिक ने कहा समुद्र की गहराई से लेकर पहाड़ की चोटियों तक इंसान ने प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़ों से ग्रह को पाट दिया है। वरिष्ठ उपप्रधान हरिकिशन भारद्वाज ने कहा प्लास्टिक का उपयोग कम करें, कपड़े के थैले का उपयोग करें।



## खबर संक्षेप

### आर्य चौपाल सेवा समिति के प्रधान बने सिवाच

**रोहतक।** आर्य चौपाल सेवा समिति प्रेमनगर की नई कार्यकारणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ। जिसमें पदाधिकारीयों को सर्वसम्मति से चुन लिया गया है। इस दौरान राजवीर सिंह सिवाच को प्रधान, बदन सिंह तोमर को सचिव, दयानंद छिल्लर को कोषाध्यक्ष, संजय गौड़ को उपप्रधान, संदीप हुड्डा को सहसचिव चुना गया। नई कार्यकारिणी ने तुरंत प्रभाव से काम करना शुरू कर दिया है। इससे पूर्व हनुमान जयंती के अवसर पर यज्ञ हवन भी किया गया।

### सॉफ्टबॉल का एमकेजेके कॉलेज बना विजेता

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के खेल प्रांगण में आयोजित इंटर कॉलेज महिला सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में एमकेजेके कॉलेज रोहतक ने वैश्य महिला कॉलेज रोहतक को हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वैश्य महिला कॉलेज रोहतक की टीम दूसरे स्थान पर रही। हिन्दू कॉलेज सोनीपत की टीम तीसरे स्थान पर रही। एमडीयू के खेल निदेशक प्रोफेसर आरपी गर्ग ने विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी और एमडीयू की महिला टीम का चयन भी किया। स्पर्धा के समय डॉ. सुनीता धतरवाल, डॉ. सविता, डॉ. कुसुम, डॉ. सुरजीत निम्मा, डॉ. मुन्नी जून, डॉ.प्रदीप, डॉ. मनीष हुड्डा, मुकेश गोयल, सरवन कुमार, विजय कुमार और नवीन मौजूद रहे।

### महर्षि दयानंद विवि में 7 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**रोहतक।** वाईआरसी वालंटियर्स जागरूकता के सजग प्रहरी बनकर समाज के हर तबके में जागरूकता की अलख जगाने में अपना योगदान दें। सामाजिक सरोकारों से जुडक़र समाज एवं राष्ट्र उत्थान में अपनी महती भूमिका निभाएं। यह कहना है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय वीसी प्रो. राजबीर सिंह की पत्नी एवं भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष एवं डॉ. शरणजीत कौर का। वे सोमवार को विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस समिति द्वारा डीडीई कांफ्रेंस हॉल आयोजित सात दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कर रही थी। डॉ. कौर ने कहा कि विद्यार्थी सामाजिक सरोकारों से केवल सेमिनार, कार्यशालाओं एवं अन्य कार्यक्रमों तक सीमित न रहें।

# बारीकी से जांच हुई तो जाट सभा के वोटों पर चलेगी कैंची!

## मतदाता सूची का रिकॉर्ड अपडेट करना शुरू, चुनाव में अभी लगेगा समय

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक




जाट सभा कॉलेजियम चुनाव का इलेक्शन दूसरी बार भी रद हुए ग्यारह और प्रशासनिक अधिकारी राधेश्याम शर्मा द्वारा सभा का कार्यभार संभाले हुए दस दिन हो चुके हैं। अधिकारी द्वारा कार्यभार संभालने के बाद सभा के दोनों गुटों में जहां गहरा सन्नाटा पसरा है, वहीं शायद एक दूसरे को कोस भी रहे हैं। सभा से जुड़े निष्पक्ष लोगों का कहना है कि दोनों गुटों में शामिल लोग राजनीतिक रूप से एक दूसरे को फूटी आंख देखना भी पसंद नहीं करते थे। अब जो हो रहा है, वह होना पहले से ही तय था। लेकिन अब ध्यान देने वाला सबसे बड़ा पहलू ये है कि पिछले दिनों सभा की जो नई वोट बनी थी, उन पर अब कैंची चलने के पूरे आसार हैं। क्योंकि इनमें से अधिकांश वोटों के संलग्न दस्तावेज सही नहीं बताए जा रहे। दस्वावेज ही नहीं, बल्कि कई तरह की गड़बड़ी भी बताई जा रही है।

ध्यान रहे कि गत 21 मार्च को सभा का निर्धारित तीन साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। कायदे से कार्यकाल पूरा होने से पहले ही नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव करवाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब चुनाव में कम से कम तीन महीने की देरी और होगी। क्योंकि जिला सोसायटी रजिस्ट्रार ने गत सप्ताह आदेश जारी करते हुए प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्त करते हुए उन्हें तीन महीने के अंदर चुनाव करवाने के निर्देश दिए थे। ये जरूरी नहीं है कि तीन महीने में इलेक्शन हो। अगर तब तक वोटर लिस्ट समेत दूसरे कार्य पूरे नहीं होते हैं तो चुनाव का समय बढ़ाया भी जा सकता है।

सूत्र बताते हैं कि गांव बोहर के एक भाजपा नेता ने अपने कई जानकारों की वोट खुद के बैंक एकाउंट का चेक देकर बनवा ली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का 76500 रुपये का चेक 13 अक्टूबर 2023 को सभा के खाते में क्लीयर हुआ है। जबकि सोसायटी एक्ट में प्रावधान यह है कि जो व्यक्ति आजीवन सदस्यता हासिल करेगा, उसके खुद के बैंक खाते से आजीवन सदस्यता का पैसा जाट सभा के खाते में जमा होगा। बताया तो ये भी जा रहा है कि आजीवन सदस्यता की फीस पति-पत्नी भी एक दूसरे के खाते से नहीं दे सकते हैं। लेकिन सभा द्वारा ली गई हैं। कुछ तो ऐसे भी लोग हैं, जिनकी आजीवन सदस्यता की फीस के चेक ही बाउंस हो गए हैं। भाजपा नेता के अलावा कई और व्यक्ति हैं, जिन्होंने सभा की राजनीति करने के लिए अपनी जेब से पैसे अदा करके काफी लोगों को सदस्यता ग्रहण करवा दी।

### दस्तावेजों की जांच होगी



वोटर का रिकॉर्ड दुरुस्त किया जा रहा है। जिन लोगों ने हाल ही में सदस्यता ग्रहण की है, उनके फार्म समेत दूसरे दस्तावेजों की जांच होगी। अगर आजीवन सदस्यता सोसायटी एक्ट 2012 के मुताबिक हासिल नहीं की होगी तो नियमानुसार कार्रवाई होगी।

**-राधेश्याम शर्मा**, प्रशासनिक अधिकारी जाटा सभा रोहतक

**यह है विवाद की जड़ :** जाट सभा का असली विवाद गत 15 जुलाई को महा सचिव सुभाष कादयान को उनके पद बर्खास्त करने के साथ शुरू हुआ। हालांकि इससे पहले भी बैठकों में विवाद होते रहे थे। लेकिन कादयान की बर्खास्तगी के बाद सभा में राजनीतिक भूचाल हो गया है। एक दूसरे पर वित्तीय धांधलियां करने के आरोप लगाने लगे। एक गुट ने बकायदा यहां तक बताया कि कैसे सभा के लिए खराब बैड की खरीदारी की गई। आरोप तो यहां तक लगाए कि सभा के चुने पदाधिकारियों ने पुराने बैड अपने घर से उठवाकर सभा में रखवा दिए और पैसों का भुगतान करवा लिया गया। दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि फलां चुना हुआ पदाधिकारी मिट्टी डलवाने में गड़बड़ी करके सभा का पैसा डकार गया।

### 1863 हैं वोट

फिलहाल तक सभा के 1863 आजीवन सदस्य हैं। इनमें से करीब 600 लोगों ने पहली बार वोट सदस्यता हासिल की है। इनकी सदस्यता पर ही कई किंतु-परंतु अब लग चुके हैं। प्रशासनिक अधिकारी राधेश्याम शर्मा ने सभी सदस्यों का रिकॉर्ड तैयार करवाना प्रारंभ कर दिया है। शर्मा की गिनती तेज तर्रार में होती है। ऐसे में एक एक वोटर का रिकॉर्ड जांच करवाएंगे। जो नियमों के मुताबिक होगा, उसे ही आजीवन सदस्यता देंगे। चूंकि सभा को आजीवन सदस्यता के रूप में 35 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारी को ये भी सोचना होगा कि इतनी बड़ी राशि को उनकी आजीवन सदस्यता रद करने पर कैसे लौटाया जाए। अधिकारी के पास एक विकल्प है यह पैसा ट्रेजरी में जमा करवा दे।



# पृथ्वी दिवस पर जल बचाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- डॉ. रविंद्र नांदल नजॉन वेसले कन्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के 2070 के विजन को बताते हुए जल बचाने का संदेश दिया

सुनो नहरों की पुकार मिशन के वरिष्ठ सदस्य एवं रिटायर्ड कृषि अधिकारी डॉ. रविंद्र नांदल ने विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में जॉन वेसले कन्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के 2070 के विजन को बताते हुए जल बचाने का संदेश दिया। उन्होंने मिशन के मिशन से जुड़े विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वह नहरों, नदियों में कुछ भी सामान प्रवाहित ना करें।

### नुक्कड़ नाटक किया प्रस्तुत

प्राचार्य ममता मलिक ने नुक्कड़ नाटक टीम और सभी वक्ताओं का स्वागत किया। डॉ. रविंद्र नांदल ने विश्व पृथ्वी दिवस की बधाई देते हुए अपराजिता के बीजों का वितरण भी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को किया। डॉ. नांदल ने विद्यार्थियों को जल बचाने और उसे किसी प्रकार से प्रदूषित न करने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि पानी को बचाना और उसे निर्मल रखना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। प्राचार्य ममता मलिक ने मिशन की टीम को आस्वश्त किया कि वह जल बचाने के लिए स्वयं प्रयास करेंगे। उन्होंने जाट कॉलेज के विद्यार्थियो द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक की प्रशंसा की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुनो नहरों की पुकार मिशन के मुख्य संरक्षक डॉ. जसमेर सिंह, प्रीतसिंह अहलावत, डॉ. रविंद्र नांदल, ममता मलिक, निर्मल पन्नू नाटक के मुख्य सूत्रधार जतिन मलिक, अंशु नांदल, रोहित राठौर, कमल, लेखा, आशिका, वीरेन, अरमान, हिमांशु अहलावत आदि मौजूद रहे।

# हादसे का इंतजार कर रहे अधिकारी चार दिन बाद भी गड्ढा नहीं भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



सेक्टर-1 में दूसरी पुलिया के रास्ते पर सेक्टर प्राइड वाले मोड़ पर 20 अप्रैल को सीवर धंस गया था। इस कारण सड़क में करीब 2 फुट लंबा गड्ढा बन गया है। इस गड्ढे की गहराई भी ज्यादा है। पार्षद कदम सिंह अहलावत ने एचएसवीपी और नगर निगम के अधिकारियों को इस गड्ढे की फोटो भी भेजी और शिकायत भी की। कदम सिंह का कहना है कि जिस जगह गड्ढा बना है वहां या तो बरसाती नाला है या सीवर है। उन्होंने अधिकारियों से इस गड्ढे को जल्द से जल्द ठीक करने की मांग भी की, लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद भी यह गड्ढा ठीक नहीं करवाया गया। अति व्यस्त रास्ता होने के कारण यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सेक्टर-1 के रहने वाले राजेंद्र मलिक ने बताया कि गड्ढे के आसपास बड़े पेड की टूटी टहनिया और सीवर के ढक्कन आदि को रखकर बचाव किया जा रहा है। अगर प्रशासन ने जल्द ही इसे ठीक नहीं किया तो कोई भी हादसा हो सकता है। हमारी मांग है कि इस गड्ढे को ठीक किया जाए, ताकि आने जाने वालों को परेशानी न हो।

# गौड़ ब्राह्मण शिक्षण कॉलेज में प्रश्नोत्तरी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के तत्वावधान में चाइल्ड डेवलपमेंट एंड पेडागोजी विषय पर एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने कहा कि यह विषय शिक्षण योग्यता परीक्षाओं जैसे एच टैट, सी टैट आदि का अभिन्न हिस्सा है। इसी विचार को मद्दे नज़र रखते हुए महाविद्यालय में बीएड के पाठ्यक्रम के साथ-साथ इन परीक्षाओं की तैयारी भी करवाई जाती है। एक शिक्षक के लिए व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है। प्रश्नोत्तरी में बीएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की अध्यक्षा डॉ. गीता रानी के संरक्षण में हुआ।




### साउथ एशियन कुरैश स्पर्धा में दा आर्यन ग्लोबल के जतिन ने जीता रजत पदक

**रोहतक।** मध्य एर्नाकुलम, कोच्चि में होने वाली साउथ एशियन कुरैश प्रतियोगिता में रोहतक के दा आर्यन ग्लोबल विद्यालय के छात्र जतिन ने रजत पदक प्राप्त करके विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। प्राचार्य आरके खन्ना ने विद्यार्थी जतिन के परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गिरावड़ में चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने गांव गिरावड़ में स्थित घर से कैश व कानों की बाली चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। लाखनमाजरा थाना प्रभारी समरजीत ने बताया कि गांव गिरावड़ निवासी कुलदीप ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि 16 अप्रैल को कुलदीप अपने परिवार के साथ रात के समय घर पर सो रहा था। रात करीब 12 बजे कुलदीप के पिता को गली में कूदने की आवाज सुनाई थी। बाहर निकल कर देखा तो एक युवक भागता हुआ दिखाई दिया। घर के अंदर सामान चैक किया तो कमरे से 10 हजार रुपये व कानों की बाली नहीं मिली। जांच के दौरान 22 अप्रैल को आरोपी अशोक निवासी गिरावड़ को गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान आरोपी से मोटरसाइकिल चोरी की एक वारदात का खुलासा हुआ है। आरोपी ने रोहतक के एरिया में मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया हुआ है।

# रितिका के ओलंपिक में क्वालिफाई करने पर खरकड़ा में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

कुश्ती खिलाड़ी रितिका हुड्डा द्वारा ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने पर रितिका के पैतृक गांव खरकड़ा में खुशी की लहर है। मंगलवार को जैसे ही ग्रामीणों को इस बात की जानकारी मिली की रितिका अपने रोहतक आवास पर पहुंच गई है। उसके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। खरकड़ा गांव से काफी संख्या में लोग रोहतक पहुंचे।



**महम।** ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाली रोहतक जिले की बेटी रितिका का नोटों की माला पहनाकर स्वागत करते हुए भाजपा नेत्री राधा अहलावत व अन्य।

### भाजपा नेत्री ने दी बधाई

भाजपा नेत्री राधा अहलावत ने भी रोहतक पहुंचकर रितिका को बधाई दी। खरकड़ा गांव के लोगों द्वारा रितिका का नोटों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा नेत्री राधा अहलावत ने ऋतिका हुड्डा को बुक्का दिया और उसके उज्वल भविष्य की कामना की। अहलावत ने कहा न केवल खरकड़ा गांव को बल्कि पूरे प्रदेश के लोगों को रितिका की सफलता पर गर्व है और हम भगवान से प्रार्थना करते है की ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करे। राधा ने कहा आज के दिन महिला हर क्षेत्र आगे बढकर देश का नाम रोशन कर रही हैं। भाजपा सरकार की अच्छी खेल नीतियों के कारण खिलाड़ी हर खेल में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रही हैं।

# बीजेपी-जेजेपी नेता आरोप-प्रत्यारोप से बच नहीं सकते, अब जांच जनता कराएगी: दीपेन्द्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा मंगलवार को दिल्ली-रोहतक राष्ट्रीय राजमार्ग पर हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग बली की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए और मन्दिर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने मॉडल टाउन इलाके में घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत व्यापक जनसम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि रोहतक में पीने के पानी की समस्या है, बहुत सी कॉलोनियों में सीवर के पानी की सप्लाई की शिकायत आ रही है। सरकार मूलभूत सुविधाएं देने तक में असफल साबित हुई है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय रोहतक के चारों तरफ वाटर टैंक बनवाकर पीने के पानी की समस्या को जड़ से समाप्त किया गया था। उन्होंने कहा कि अमृत योजना के 350 करोड़ रुपये के घोटाले को लेकर रोहतक के मौजूदा बीजेपी सांसद ने आरोप लगाए कि रोहतक के एक पूर्व मंत्री ने घोटाला किया और इसके सबूत भी मिटा दिए। 5 साल तक डबल इंजन सरकार ने भष्टाचार किया है।



**रोहतक।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा को पान खिलाते हुए दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

इन सारे घोटालों की जांच अब जनता कराएगी। बीजेपी को भ्रष्टाचार तब दिखता है जब कोई बीजेपी से अलग हो जाता है। बीजेपी और जेजेपी नेता मिलकर घोटाला करने के बाद एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर बच नहीं सकते। इस दौरान विधायक बीबी बतरा मॉडल टाउन ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान अजय धनखड़, उप-प्रधान मुकेश अरोड़ा, कैशियर अमित गुलाटी, सतीश जांगड़ा, प्रतीक भाटिया अपने अनेक समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## 'दयाशंकर की डायरी' का मंचन

# नाटक में महानगरीय जीवन की त्रासदी दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



- नादिरा जहीर बब्बर के नाटक का निर्देशन किया था विश्वदीपक त्रिखा ने
- नाकाम अभिनेता की कहानी

सप्तक कल्चरल सोसायटी और पठानिया वर्ल्ड कैम्पस के साप्ताहिक आयोजन घरफूंक थियेटर फेस्टिवल में इस बार दयाशंकर की डायरी का मंचन किया गया। नादिरा जहीर बब्बर द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन किया था विश्वदीपक त्रिखा ने। डॉ. सुरेन्द्र शर्मा अभिनीत दयाशंकर की डायरी में एक नाकाम अभिनेता की कहानी के माध्यम से महानगरीय जीवन की त्रासदी को प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों की भरपूर सराहना मिली।

नाटक का मंचन स्थानीय किशनपुरा चौपाल में किया गया। एकल नाटक दयाशंकर की डायरी एक ऐसे युवा अभिनेता की कहानी है, जो एक्टर बनने मुंबई आता है लेकिन मजबूरीवश एक ऑफिस में क्लर्क की नौकरी करने लगता है। थोड़ी सी पगार में घरवालों की जरूरतों को पूरा करते रहने के कारण वह हमेशा तंगहाली में रहता है। दफ्तर के माहौल से दुःखी दयाशंकर को इसी बीच अपने बॉस की खूबसूरत बेटी से एकतरफा प्यार हो जाता है। वह उससे शादी करने के सपने देखने लगता है, जबकि लड़की अपने पिता के धनवान दोस्त के बेटे से शादी कर लेती है। इससे दयाशंकर टूट जाता है और उसका मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। असफलता से भरे जीवन में आर्थिक तंगी और टूटते सपनों की इसी त्रासदी के साथ नाटक का दुःखद अंत होता है।नाटक में संगीत संचालन और प्रकाश व्यवस्था की जिम्मेदारी जगदीप जुगनू ने संभाली। प्रोडक्शन का जिम्मा समीर शर्मा ने निभाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी आशीष मित्तल रहे। इस अवसर पर संजय बल्हारा, शक्ति सरोवर त्रिखा, सुभाष नगाड़ा, चेरी गिरधर, अविनाश सैनी, उर्वशी विराट, ज्योति वशिष्ठ, अभिषेक, चंचल, रवि, हर्ष और अभिनव टोली के विद्यार्थियों सहित अनेक नाट्यप्रेमी उपस्थित रहे।



### विद्यार्थी उत्सुकता और जिज्ञासा पैदा करें यही सफलता की कुंजी : प्रो. राजबीर

**रोहतक।** विद्यार्थी अपने अंदर उत्सुकता और जिज्ञासा पैदा करें, यही सफलता की कुंजी है। विद्यार्थी जीवन में लगातार नया सीखते रहने की ललक बनाए रखें, प्रश्न करने की प्रवृत्ति विकसित करें। यह कहना है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का। वे मंगलवार को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) में विजिट पर आए डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, सुनारिया के विद्यार्थियों के दल से इंटरेक्शन कर रहे थे। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए मोटीवेट किया। विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में एक्सपेरिंटेल लर्निंग तथा इंटर डिसीप्लिनरी स्टडीज की महत्ता पर जोर देने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों को एमडीयू के विभिन्न संकायों, विभागों और उनमें संचालित पाठ्यक्रमों से अवगत करवाया। कुलपति ने एमडीयू की विकास यात्रा एवं उपलब्धियों का ब्यौरा विद्यार्थियों के साथ साझा किया और विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने तथा बेहतर कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्कूल विद्यार्थियों से एमडीयू विजिट बारे फीडबैक भी लिया। आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया।